दिनांक 01 जनवरी 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

हनुमान मंदिर प्रांगण में बनेगा भव्य डोमशेड महापौर ने किया भूमिपूजन

-सेक्टर 09 स्थित हनुमान मंदिर में महापौर श्री यादव ने पूजा कर नव वर्ष में सबके हित के लिए की प्रार्थना

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के वार्ड 68 स्थित हनुमार मंदिर प्रांगण में भव्य डोमशेड तथा शौचालय निर्माण किया जाएगा। मंदिर परिसर के समीप विकास कार्य के लिए आज महापौर एवं विधायक श्री देवेन्द्र यादव ने वार्ड पार्षद दिनशा तुमाने एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। महापौर श्री यादव ने नववर्ष के उपलक्ष्य में आज हनुमान मंदिर में भिलाईवासियों के हर संकट को दूर करने और नववर्ष सभी के लिए मंगलमय हो इसके लिए प्रार्थना की। वार्ड भ्रमण के दौरान वार्डवासियों ने मांग किए थे, हनुमान मंदिर में बड़ी संख्या में दर्शनार्थियों का आना जाना लगा रहता है , इस कारण वहां पर डोमशेड एवं शौचालय की आवश्यकता है! जो महापौर के प्रयास से आज पूरा हुआ अब जल्द ही निर्माण किया जाएगा। डोमशेड के बनने से मंदिर प्रांगण में होने वाले आयोजनों पर धूप और बारिश की बाधा नहीं आएगी।

जनसम्पर्क अधिकारी